हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 6 अक्टूबर 2025

11 राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान ने अयोध्या ...



12 सोशल मीडिया पर आरएसएस सरसंघचालक को लेकर ...





### नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का बढ़ाया मनोबल

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर नलखेड़ा में प्रभावी पथ संचलन निकला





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मां बगलामुखी की नगरी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर इस बार दशहरा पर्व का सालाना पथ संचलन रविवार को नगर की सड़कों पर निकला। जिसमें हजारों की संख्या में स्वयंसेवक अनुशासन बद्ध होकर कदमताल करते हुए घोषवादन और भगवा ध्वज के साथ नगर की सड़कों पर निकले। जिसके चलते ऐसा लग रहा था कि पूरा नगर संघ मय हो गया है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा हर वर्ष दशहरा पर्व पर पथ संचलन निकाला जाता है लेकिन इस बार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में नगर मे रविवार 5 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयं सेवकों का प्रभावी व विशाल पथ संचलन निकाला गया। संचलन में हजारों की संख्या में संघ के नए व पुराने सभी स्वयंसेवकों द्वारा भाग लिया गया। इसमें हर घर से कम से कम एक व्यक्ति को शामिल किया गया। जिसके लिए कई दिनों पूर्व से ही घर-घर जाकर स्वयंसेवक निमंत्रण दे रहे थे। रविवार को नगर में निकले पथ संचलन को देखने के लिए बड़ी संख्या में नागरिकों, महिलाएं व बच्चे सड़कों पर जुटे थे। पथ संचलन मार्ग पर जहां नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वयं सेवकों का मनोबल बढ़ाया वहीं महिलाओं द्वारा भी संचलन का स्वागत किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में इस वर्ष पथ संचलन को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दे रहा था।

रविवार को नगर के मध्य स्थित पांडिया कॉलोनी में दोपहर 3 बजे स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण प्रारंभ हुआ। जहाँ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवको का मार्गदर्शन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित उज्जैन विभाग बौद्धिक प्रमुख अर्जुन सिंह सिसोदिया द्वारा करते हुए कहाकि सन 1925 में डॉ हेडगवारजी ने संघ का मार्ग चुना जिसमें धीरे धीरे कारवां जुड़ता गया जिसका परिणाम देखने को आज मिल रहा है। जिसके परिलक्ष्य में आज हम शताब्दी वर्ष बना रहे हैं। संघ ऐसी संस्था है जो हर एक को जोड़ने का कार्य करती है, ओर हमें स्वदेशी सामग्री अपनाना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पशु चिकित्सक डॉक्टर बालचंद मालवीय द्वारा की गई। इस अवसर पर खंड संघ चालक गोविंद राठौर भी मंचासीन थे। संचालन के पूर्व एकत्रीकरण स्थल पर प्रकट कार्यक्रम के अंतर्गत शारीरिक प्रदर्शन व शस्त्र पूजन किया गया। तत्पश्चात नगर में निकाले गए पथ संचलन में 20 दंड वाहिनी, 4 घोष दल, 1 ध्वज वाहिनी शामिल रही। संचलन में स्वयंसेवकों द्वारा पूर्ण गणवेश में घोष पर कदमताल करते हुए नगर का भ्रमण किया। संचलन का नगर में स्थान स्थान पर नगरवासियों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

## संघ शताब्दी वर्ष पर निकला पथ संचलन

### अनुशासित होकर पूर्ण गणवेश में कदमताल करते निकले स्वयं सेवक

**कानड़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रविवार को नगर में स्वयंसेवकों का पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। स्वयंसेवक अपने अनुशासन को दर्शाते हुए पूर्ण गणवेश में सफेद शर्ट, खाकी पैंट और सिर पर काली टोपी पहन कर कदमताल मिलते हुए चल रहे थे। स्वयं सेवकों के घोष की मधुर धुन और कदमताल मिलाते हुए अनुशासित पंक्तियों ने नगर वासियों को आकर्षित किया। रविवार को सुबह नवीन बस स्टैंड पर स्वयंसेवक के एकत्रित होने के बाद ध्वजारोहण, ध्वज प्रणाम और शस्त्र पूजन के साथ ही शुभारंभ हुआ। पथ संचलन पुराना बस स्टैंड दयानंद मार्ग, माता जी चौराहा, गौदी चौराहा, पीपल चौक, बजरंग मोहल्ला, राजवाड़ा चौक, शिव डेरा, गलबलिया सेरी, पचलाना रोड़ से होते हुए पुनः नवीन बस स्टैंड पर पहुंचा जहां पथ संचालन का समापन हुआ। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों का नगर वासियों द्वारा अभिनंदन करते हुए जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।



## नशा शरीर और दिमाग दोनों को भारी नुकसान पहुंचाता : मनोज दीक्षित



**सीहोर।** स्वस्थ रहने के लिए नशा छोड़ना ज़रूरी है क्योंकि नशा शरीर और दिमाग दोनों को भारी नुकसान पहुंचाता है, जिससे रक्तचाप, हृदय रोग और शुगर जैसी बीमारियाँ हो सकती हैं, और नशा छोड़ने से इन समस्याओं में सुधार होता है। नशा छोड़ने के बाद व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से ज़्यादा स्वस्थ होता है, और वह अपनी ऊर्जा को रचनात्मक कामों में लगा पाता है, जिससे जीवन में सकारात्मकता आती है।

उक्त बात शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र के सहयोग से सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण के तत्वाधान में महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मद्य निषेध सप्ताह के अंतर्गत अभियान के दौरान शनिवार को तीसरे दिन मनोज दीक्षित मामा ने कही। उन्होंने बताया कि श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के सहयोग से मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन केन्द्र के संचालक राहुल सिंह के निर्देश पर किया जा रहा है। शनिवार को बड़ी संख्या में युवाओं को नशा नहीं करने का संकल्प दिलाया गया। श्री दीक्षित ने कहाकि नशा छोड़ने से रक्तचाप, हृदय रोग और शुगर जैसी पुरानी बीमारियों में सुधार होता है। शरीर पोषक तत्वों को बेहतर ढंग से अवशोषित कर पाता है, जिससे समग्र स्वास्थ्य बेहतर होता है। वहीं संस्कार मंच के जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र माहेश्वरी ने बताया कि स्वस्थ्य रहने के लिए नशा मुक्त होना बहुत जरूरी है। धूम्रपान गंभीर बीमारियों की जड़ है। अत इससे सभी को बचना चाहिए। नशा चाहे शराब का हो या तम्बाकू, गुटका, सिगरेट, बीडी या फिर गांजा, स्मैक का ही क्यों न है, सभी मानव के जीवन के लिए घातक हैं। उन्होंने बताया कि सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण के उपसंचालक के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसका समापन आठ अक्टूबर को किया जाएगा।

## किसानों को मुआवजा दे सरकारः राजीव गुजराती

**सीहोर।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया कि राज्य सरकार की सूचि में लगभग 26 से 30 जिले के किसानों को मुआवजी की राशि दी जाने की घोषणा प्रदेश में जिलों की लिस्ट जारी की है, जिसमें लगभग 680 करोड़ की राशि किसानों के खाते में ट्रांसफर की जायेगी, परन्तु बड़े ही दुर्भाग्य की बात है कि भारत सरकार के कृषि मंत्री सीहोर गृह जिला होने के बावजूद भी सीहोर जिले का नाम लिस्ट में नही हैं, जबकि विगत दिनों शिवराज सिंह चौहान द्वारा सीहोर से बायपास पर पत्रकार बन्धुओं के सवाल पर जवाब देते हुए अधिकारियों को जिले के पीड़ित किसानों की फसल का सर्वे कर खराब फसल का मुआवजा दिये जाने के मौखिक रूप से निर्देश दिये थे।

## कक्का इंटरनेशनल स्कूल के छात्र छात्राओं ने स्वच्छता रैली निकाली





**नलखेड़ा।** स्थानीय कक्का इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा शनिवार को रैली स्थानीय चौक बाजार से प्रारंभ होकर शिवाजी चौराह तक निकाली गई। उक्त रैली को संस्था के डायरेक्टर ने हरीझंडी दिखा करके प्रारंभ की। प्रधानमंत्री द्वारा देश में स्वच्छता के लिए आह्वान किया गया उसी के अंतर्गत स्वच्छता रैली नगर के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं साइबर अपराध के प्रति सचेत रहने के तथा मेक इन इंडिया मेड इन इंडिया के प्रति आग्रह बच्चों द्वारा दुकानदारों से किया गया।

## डॉक्टर चंचल भालोट को फिजियोथैरेपी की डिग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





समाजसेवी गिरिराज भालोट की पुत्री डॉक्टर चंचल भालोट को आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज उज्जैन द्वारा फिजियोथैरेपी की डिग्री प्रदान की गई है। डॉ. चंचल को मिली इस उपलब्धि पर परिवारजनों के साथ इष्ट मित्रों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।





## दुकानों का ताला तोड़कर चोरी करने वाला गिरफ्तार

**भैरुंदा।** 30 सितंबर को फरियादी नागेन्द्र यादव निवासी पुरानी एसबीआई बैंक के पास भैरूंदा नें रिपोर्ट किया कि उसकी नीलकण्ठ रोड पर स्थित ऑनलाइन ग्राहक सेवा केन्द्र की दूकान पर दिनांक 28,29/ 09/2025 के मध्य रात्रि कोई अज्ञात व्यक्ति इसकी ऑनलाइन की दूकान की शटर, रघुवीर पंवार की कपड़े की दुकान, आकाश पंवार और रघुवीर यादव की मोबाइल की दुकान और चन्द्रशेखर की जनरल स्टोर की दुकान का ताला तोड़कर नकदी, कपड़े, मोबाइल ऐसेसीरीज आदि चोरी कर ले गया है। जिसकी रिपोर्ट पर मामला पंजीबद्ध कर अनुसंधान मे लिया गया।








## खबर संक्षेप

### शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में नगर में निकलेगा प्रभावी पथ संचलन कल

**भौरासा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में शताब्दी वर्ष के दौरान देश भर में पद संचलन सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं। शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में भौरासा नगर में भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवको का एक प्रभावी पद संचलन कल मंगलवार को निकाला जाएगा। संचलन में हजारों की संख्या में संघ के नए व पुराने सभी स्वयंसेवकों द्वारा भाग लिया जाएगा। नगर के मध्य स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सोमवार सुबह 8:30 बजे पथ संचालन के लिए स्वयंसेवक का एकत्रीकरण होगा। संचलन में घोष वाहिनी, ध्वज वाहिनी, दंड वाहिनी आदि शामिल रहेगी। संचलन में स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में घोष पर कदमताल करते हुए नगर भ्रमण करेंगे। संचलन का नगर में कई स्थानों पर नगरवासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। संचलन के पूर्व सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में एकत्रीकरण स्थल पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दायित्वान अधिकारियों द्वारा स्वयंसेवकों का मार्गदर्शित किया जाएगा।

### महिला ने खाया जहरीला पदार्थ, अस्पताल में इलाज के दौरान हुई मौत

**देवास।** राजोदा क्षेत्र में रहने वाली ममता (35) ने शनिवार को अज्ञात कारणों के चलते घर में जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। ममता के पति उमराव सिंह ने बताया कि वह सुबह से मजदूरी के लिए बाहर गए थे और बच्चे पढ़ाई के लिए घर के बाहर थे, इसलिए उनकी पत्नी घर पर अकेली थीं। उन्होंने कहा कि उनके बीच कोई विवाद नहीं था। इसके बाद पत्नी ने अचानक यह कदम उठा लिया। रविवार को जिला अस्पताल में मृतका का पोस्टमॉर्टम किया गया। पुलिस मौत के पीछे के कारणों का पता लगाने में जुटी है ताकि सही तथ्य सामने आ सकें।

### 300 से अधिक किसानों ने विभिन्न गांवों से होते हुए निकाली बाइक रैली

# एमएसपी पर सोयाबीन खरीदी का कानून बनाए सरकार, उल्लंघन हो तो करें कार्रवाई

### मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप सोयाबीन की एमएसपी 5328 रुपए प्रति क्विंटल करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




किसानों के संगठन युवा किसान संगठन ने रविवार को सोयाबीन की फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर बाइक रैली निकाली। रैली स्थानीय राजोदा क्षेत्र से शुरू होकर देवास कलेक्टर कार्यालय पहुंची, जहाँ संगठन ने एक ज्ञापन सौंपा। किसान संगठन ने सोयाबीन पर 5328 रुपए प्रति क्विंटल पर खरीदी सुनिश्चित करने की मांग की है।

#### निजी कंपनियां कमा रही मुनाफा

किसानों ने सरकार से सवाल किया कि जब सोयाबीन के भाव पिछले 10 वर्षों के न्यूनतम स्तर पर हैं, तो इसका जिम्मेदार कौन है? उन्होंने पूछा कि क्या वास्तव में 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वादा पूरा हुआ? किसानों ने यह भी सवाल उठाया कि जब किसान घाटे में हैं, तो अडानी, पतंजलि फूड जैसी कंपनियाँ सस्ते में सोयाबीन खरीदकर अरबों रुपये का मुनाफा कैसे कमा रही हैं।

#### किसानों को प्यारी अपनी खेती

आयोजित रैली में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के किसान शामिल थे। किसान अपने हाथों में सोयाबीन की फसल और 'आई लव खेती' के पोस्टर लिए हुए थे। यह रैली राजोदा से बालोदा, भानगढ़, गुराड़िया, बांगरदा, कैलोद, टिगरिया गोगा, भड़ापीपल्या, छापरी, निवानिया, कुमारिया, पार्वतीपुरा, सुकल्या, शिप्रा और लौहारपीपल्या होते हुए देवास पहुंची। युवा किसान संगठन के अध्यक्ष रविंद्र चौधरी ने बताया कि वर्तमान में उन्हें मंडियों में सोयाबीन का घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा है। व्यापारी वर्ग और सरकार की उदासीनता के कारण किसानों को उनकी मेहनत का सही दाम नहीं मिल पा रहा है।

#### एमएसपी पर खरीदी का बने कानून

किसानों ने अपनी प्रमुख माँगें रखीं, जिनमें सोयाबीन की खरीदी तुरंत एमएसपी पर शुरू करना, एसएसपी पर खरीदी का कानून बनाना, एसएसपी से कम भाव पर खरीदी करने वाले व्यापारियों या कंपनियों के लिए कम से कम 5 साल की सज़ा और कठोर दंड का प्रावधान करना, भावांतर योजना जैसे छलावे बंद कर वास्तविक समर्थन मूल्य की गारंटी देना और भाव गिराने की साज़िश पर तुरंत रोक लगाकर दोषियों पर कार्रवाई करना शामिल है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी माँगें शीघ्र नहीं मानी गईं, तो किसान मजबूर होकर सड़कों पर उतरकर राज्यव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

#### रैली में यह रहे उपस्थित

रविवार को किसानों की मांगों को लेकर निकाली गई रैली के दौरान सोहन पटेल, प्रकाश पटेल, मुकेश पटेल (जनपद अध्यक्ष), रमेश (सरपंच), मुकेश पटेल, संजू पटेल, राहुल चौधरी, शुभम पटेल, श्याम, जीवन, धर्मेंद्र पाटीदार, निलेश पाटीदार, महेश (सरपंच), विक्रम (पार्षद), बाबूलाल सिरोलिया, राकेश (खिरनी), घनश्याम, राजेंद्र (बलौदा), बंटी केलोद, अफजल, ऐसान चाचा, अयूब पटेल, सौरभ पटेल, दिलवार पटेल सहित अनेक किसानों ने रैली में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के समापन पर गोरधन पाटीदार एवं देवेंद्र चौधरी ने सभी किसानों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। रैली का नेतृत्व रविन्द्र चौधरी, अध्यक्ष – युवा किसान संगठन एवं जिला पंचायत सदस्य, देवास द्वारा किया गया।



# मोटर साइकिल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

### पीपलरावां पुलिस को मिली सफलता




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

थाना पीपलरावां पुलिस ने मोटर साईकल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। गिरोह लंबे समय से दो पहिया वाहनों की चोरी को अंजाम दे रहा था। पुलिस को यह सफलताऑपरेशन त्रिनेत्रम" के तहत लगे सीसीटव्ही कैमरा एवं पुलिस डिजिटल मित्र कम्युनिटी ग्रुप की मदद से मिली है। गिरोह के दो सदस्य पुलिस के हत्थे चढ़े है।पुलिस ने चोरों से चोरी गई एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल बरामद की है। चोरी की सूचना पर थाना प्रभारी पीपलरावां निरीक्षक सुबोध गौतम के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया था।

पुलिस टीमों के द्वारा तकनीकी साक्ष्य,भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय कर घटना स्थल के आस पास एवं ग्राम घिचलाय पर ऑपरेशन त्रिनेत्रम अभियान में लगे सीसीटीवी फुटेज चैक किए गए, जिनमें आरोपियों द्वारा फरियादी की मोटर साईकिल दो आरोपियो द्वारा चोरी कर ले जाना कैद हुआ । प्राप्त सीसीटीव्ही फुटैज को देवास पुलिस द्वारा बनाए गए कम्युनिटी ग्रुपो में डाला गया । जिसके माध्यम से दोनो आरोपियो की पहचान हुई। रविवार को दोनो आरोपियो को गिरफ्तार कर आरोपियो के कब्जे से चुराई गई मोटर साईकिल एवं घटना मे उपयोग की गई मोटर साइकिल जप्त की गई ।पुलिस ने दो आरोपी अक्षय पिता गोकुल हाडा उम्र 24 साल निवासी कंजर डैरा पीपलरावां और मनीष पिता जीवन सिसोदिया उम्र 23 साल निवासी कंजर डैरा पीपलरावां को गिरफ्तार किया है।उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी पीपलरावां निरीक्षक सुबोध गौतम,उनि विजेन्द्र सिंह सोलंकी, सउनि मांगीलाल परमार,प्रआर अमरिश,विरेन्द्र शर्मा, अरविन्द,आर महेन्द्र,रविन्द्र, अजय,मनोज गुर्जर, अनुरुद्ध, रविन्द्र, दीपक, सतीश, आर चालक देवेन्द्र व जागरूक ग्रामीणजनों का योगदान रहा।

**छह दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज से:** देवास। स्व. हरिशंकर राठौर की स्मृति में लायंस क्लब ऑफ देवास गोल्ड, देवास द्वारा एक्यूप्रेशर, सूजोक एवं वाइब्रेशन प्राकृतिक चिकित्सा का छह दिवसीय विशाल स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है। लायंस क्लब ऑफ देवास गोल्ड की अध्यक्ष ला. हीना राठौर ने बताया कि शिविर का आयोजन 06 अक्टूबर से 11 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा। इसमें एक्यूप्रेशर थैरेपी ट्रेनिंग एवं ट्रीटमेंट संस्था (पंजीकृत) जोधपुर के प्रसिद्ध थैरेपिस्ट डॉ. नरेन्द्र खोत (एमडी डाट. इन अक्कु.), थैरेपिस्ट लक्ष्मणसिंह एवं उनकी टीम अपनी सेवाएँ प्रदान करेंगे।

# ब्रेक फेल होने पर एक किमी चली हाइड्रा मशीन रोकने के लिए गाड़ियों से किया पीछा, टला हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बीती रात बड़ा हादसा होते-होते टल गया। नगर निगम की एक हाइड्रा मशीन के अचानक ब्रेक फेल हो गए, जिसके बाद वह बस स्टैंड से इंदिरा गांधी चौराहे तक करीब एक किलोमीटर तक अनियंत्रित दौड़ती रही। मशीन पर सवार निगम कर्मचारी भी कुछ देर तक जान जोखिम में डालकर फंसे रहे जानकारी के अनुसार, नगर निगम का अमला बीती रात एबी रोड पर सेंट्रल लाइट से फ्लेक्स हटाने का काम कर रहा था।

हाइड्रा क्रेन के जरिये दो कर्मचारी ऊंचाई पर चढक़र फ्लेक्स उतार रहे थे। इसी दौरान मशीन के ब्रेक अचानक फेल हो गए और वह बेकाबू होकर आगे बढऩे लगी। क्रेन के ट्राले में बैठे दोनों कर्मचारी भी फंस गए और जान बचाने के लिए खुद को संभालते रहे। हाइड्रा को बेकाबू हालत में दौड़ता देख आसपास के लोग घबरा गए। कई लोगों ने अपनी दोपहिया वाहनों से मशीन का पीछा करते हुए ड्राइवर को रोकने की कोशिश की। इसी दौरान नगर निगम का एक अन्य वाहन भी मशीन के पीछे दौड़ता रहा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि मशीन लगातार सडक़ पर दौड़ रही है और लोग पीछे से उसे रोकने की कोशिश कर रहे हैं। करीब एक किलोमीटर तक दौडऩे के बाद हाइड्रा मशीन इंदिरा गांधी चौराहे के पास जाकर रुकी। इसके बाद उसमें फंसे दोनों कर्मचारी सुरक्षित बाहर निकले और राहत की सांस ली। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर बड़ी संख्या में लोग इक_ा हो गए। लोग इस हादसे को देखकर हैरान थे कि कैसे ब्रेक फेल होने के बावजूद कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ।




# तेज बारिश से मकान हुआ धराशायी, घर में रखा गृहस्थी का सामान हुआ खराब, परिवार सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

शनिवार को हुई तेज बारिश में एक मकान गिर गया। नगर के वार्ड क्रमांक 7 निवासी हारून पिता अफजल खां का कच्चा मकान बारिश में गिरकर धराशाही हो गया। मकान में रखा गेहूं खराब होने के साथ ही गृहस्थी का सामना भी क्षतिग्रस्त हो गया।

गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नही हुई। गौरतलब है कि हारून खां ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन दिया था, किंतु नए नियमों के चलते योजना का लाभ नही मिल पा रहा है। हारून खां ने बताया कि यह कच्चा मकान मेरी पैतृक संपत्ति होने के साथ ही नगर परिषद में मेरे नाम पर दर्ज है किंतु इस मकान की रजिस्ट्री नहीं होने से में योजना की पात्रता श्रेणी से बाहर हो गया हूं। पीएम आवास योजना में पक्के मकान की उम्मीद लगाकर बैठा था किंतु बारिश ने मेरा कच्चा आशियाना भी छीन लिया। आवास नही होने से मुझे व मेरे परिवार को काफी परेशानी हो रही है।



### वानिकी, वन संरक्षण एवं संयुक्त वन प्रबंधन से संबंधित कार्यशाला की गई आयोजित

# कार्यशाला को राज्य वन बल प्रमुख अम्बाड़े ने किया संबोधित





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

रविवार को मध्य प्रदेश वन विभाग के वन बल प्रमुख व्ही. एन. अम्बाड़े ने देवास वन मण्डल के वन परिक्षेत्र देवास अन्तर्गत शंकरगढ़ पहाड़ी पर वानिकी कार्य, वन संरक्षण एवं संयुक्त वन प्रबंधन के सम्बन्ध में आयोजित महत्वपूर्ण कार्यशाला में ग्रामीणों तथा वन विभाग के अधिकारियों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस कार्यक्रम के प्रारम्भ में ग्राम दौलतपुर में स्थित नगर वन के प्रांगण में ग्रामीणों से संयुक्त वन प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा की गई एवं उसके उपरान्त शहर के समीप शंकरगढ़ पालनगर में नगर वन में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ग्रीन आर्मी के सदस्यों के साथ-साथ अन्य पर्यावरण से सम्बन्धित समूहों से वार्ता आयोजित कर चर्चा की। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारियों, स्थानीय वन समितियों और पर्यावरण प्रेमी नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

वन बल प्रमुख व्ही. एन. अम्बाड़े की अगवानी में वन संरक्षक एम.आर. बघेल, वन मंडल अधिकारी देवास बीरेन्द्र कुमार पटेल, उप वन मंडल अधिकारी कन्नौद दिनेश वास्केल, उप मंडल अधिकारी विकास माहोरे तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी राजेश चौहान देवास एवं वन मंडल देवास के सभी वन परिक्षेत्र अधिकारी एवं स्टॉफ के द्वारा दौलतपुर स्थित वन विश्राम गृह पर की गई है। इसके उपरांत, व्ही. एन. अम्बाड़े ने दौलतपुर विश्राम गृह पर ही स्थानीय वन समितियों के अध्यक्षों के साथ वन वर्धन विषय पर एक गहन चर्चा सत्र आयोजित किया। इस दौरान वन संवर्धन से जुड़े विभिन्न पहलुओं और सामुदायिक भागीदारी पर विचार-विमर्श किया गया है। मुख्य कार्यक्रम शंकरगढ़ पहाड़ी पर आयोजित किया गया है, जहाँ व्ही. एन. अम्बाड़े ने एक पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लेकर हरित आवरण बढ़ाने के प्रति विभाग के संकल्प को दोहराया।

आयोजित हुई कार्यशाला के दौरान अंबाडे ने पर्यावरण संरक्षण में उल्लेखनीय योगदान के लिए ग्रीन आर्मी संस्था के सदस्यों का विशेष रूप से सम्मान किया। यह संस्था शंकरगढ़ पहाड़ी को एक प्राकृतिक धरोहर के रूप में संरक्षित करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही है।इस कार्यक्रम में वन मंडल अधिकारी इंदौर प्रदीप मिश्रा, डिप्टी रेंजर सुनील मालवीय, हेमराज गोखले, श्याम शर्मा, शिव प्रताप सिंह, रविंद्र सोनी, सुनील रावत, नरेंद्र गोस्वामी सहित वन मंडल देवास के समस्त रेंज अधिकारियों एवं विभिन्न वन समितियों के सदस्यों ने उपस्थिति दर्ज कराई। अम्बाड़े ने अपने सम्बोधन में कहा कि, संयुक्त वन प्रबंधन और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से ही हम वनों का टिकाऊ सतत संरक्षण सुनिश्चित कर सकते हैं।

इसी के साथ ही शंकरगढ़ पहाड़ी पर किया जा रहा प्रयास एक जीवंत उदाहरण है।मुख्य वन संरक्षक उज्जैन एम. आर. बघेल ने कहा, स्थानीय समुदायों का सहयोग वन संरक्षण की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। आज की यह कार्यशाला हम सभी को एक सूत्र में बांधने का कार्य करेगी।वन विभाग द्वारा इस प्रकार के आयोजनों से जहाँ एक ओर वन संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर सामुदायिक सहभागिता से टिकाऊ वन प्रबंधन को बल मिल रहा है। शंकरगढ़ पहाड़ी पर आयोजित यह कार्यशाला वनों के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी की याद दिलाती है और एक हरित भविष्य की ओर मार्ग प्रशस्त करती है।

# माता टेकरी पर बारिश के बाद गिरे पत्थर, प्रतिमाएं सुरक्षित प्रशासन ने हटाया मलबा



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बारिश के बाद शुक्रवार रात को माता टेकरी पर पहाड़ी से पत्थर गिरने की घटना हुई। इसमें छोटे माता मंदिर के समीप बने नौ देवियों के दो मंदिर क्षतिग्रस्त हो गए। पत्थर गिरने वाले स्थान पर सुरक्षा के लिए जालियां लगी थीं, लेकिन पत्थरों की ताकत से वे टूट गईं। पत्थर गिरने के बाद प्रबंधन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके से पत्थर हटा दिए। हालांकि, जहां पत्थर गिरे हैं, वहां बने मंदिरों में माता की प्रतिमाओं को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। यह क्षेत्र ऊंचाई पर है और भक्त वहां कम ही आते हैं। बता दें कि, इससे पहले भी कुछ महीने पहले अष्ट माता मंदिर के पास तेज बारिश के बाद पहाड़ी से पत्थर गिरने और भूस्खलन की घटना हुई थी, जिसमें पत्थर जालियां तोड़ते हुए सडक़ तक आ गिरे थे। माता टेकरी प्रभारी और नायब तहसीलदार हरिओम ठाकुर ने बताया कि मौके से पत्थर हटा दिए गए हैं और क्षतिग्रस्त हुए दो छोटे मंदिरों का जल्द ही पुनर्निर्माण किया जाएगा। बारिश से घटना हुई है।

## खबर संक्षेप

### घूमने निकले माता-पिता से अभद्रता, मारपीट

**ललितपुर**। तुवन टीला आजादपुरा निवासी वीरू पुत्र प्रमोद ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि शनिवार को सुबह 5 बजे उसके माता ममता व पिता घूमने के लिए निकल रहे थे। तभी पड़ौसी रौनक पुत्र राकेश ने उसकी मां को गालियां दी। जब उसे पता चला तो वह उसके घर उलाहना देने पहुंचा तो उसकी मां गीता ने उसे धमकाते हुये भगा दिया। पीड़ित ने बताया कि शाम करीब 5.15 बजे वह शनि मंदिर केपास अपनी भैंस खोजने के लिया गया था कि तभी मोनू ईसाई उर्फ ज्वाय ने उसे गालियां दीं, मना करने पर उक्त ने उसके साथ मारपीट कर दी और मोबाइल भी तोड़ दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 324 (2) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### प्रोजेक्ट नई किरण में दो परिवार फिर हुए एक

**ललितपुर**। स्थानीय पुलिस लाइन सभागार में एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया, जिसमें सदस्यों के समझाने पर दो परिवार में आपसी सुलह के आधार पर समझौता कराया और पांच मामलों में अग्रिम तिथि दी गई। इस दौरान सदस्य अजय बरया, डा.दीपक चौबे, सुधा कुशवाहा, डा.जनक किशोरी शर्मा, डा.एस.पी.पाठक, डा.संजीव शर्मा, एड.अरमान कुरैशी, महिला थानाध्यक्ष स्वाति शुक्ला, महिला आरक्षी सिमरन, महिला आरक्षी दीपिका आदि शामिल रहीं।

### आतिशबाजी लाइसेंस के लिए आवेदन 13 तक

**विदिशा**। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आतिशबाजी लाइसेंस के लिए फुटकर पटाखा विक्रेताओं को लायसेंस देन निर्देश जारी कर दिए हैं। आतिशबाजी विक्रेता 13 अक्टूबर तक एमपीई सर्विस पोर्टल के माध्यम से आंतिशबाजी लायसेंस के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। शहरी क्षेत्र के लिए आतिशबाजी लाइसेंस के आवेदन की हार्ड कॉपी कलेक्टर कार्यालय में जमा करना होगा।

रामलीला राजगद्दी की लीला व पुरस्कार वितरण का आयोजन

# राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान ने अयोध्या लौटकर किया भरत मिलाप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



श्री लक्ष्मीनृसिंह मन्दिर तालाबपुरा के तत्वावधान में आयोजित रामलीला के बारहवें दिवस में भरत मिलाप राजगद्दी एवं पुरस्कार वितरण की लीला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कोरस गीतों के उपरांत वृंदावन के श्री निकुंज बिहारी रासलीला मंडल द्वारा लीला का मंचन किया गया। सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश जी की आरती की गई एवं इसके उपरांत राजा राम सरकार के जय कारे लगाए गए इसके उपरांत लीला मंचन के प्रथम दृश्य में रामचंद्र जी ने लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद वहां का राज्य रावण के भाई विभीषण को सौंप दिया इससे पहले किष्किंधा के राजा वाली को मारने के बाद उन्होंने वहां का राज्य उसके भाई सुग्रीव को सौंपा व लीला मंचन के दूसरे दृश्य में श्री राम माता सीता और भाई लक्ष्मण हनुमान जी अयोध्या लौटे तो वहां पर भरत जी एवं अयोध्या वासियों ने प्रभु श्री राम का हार्दिक स्वागत किया उस दौरान प्रभु श्री राम और भरत जी का मिलन होता है इसके बाद बहुत धूमधाम से श्री रामचंद्र जी का राज्याभिषेक होता है इसके बाद कलाकारों को पुरस्कार वितरण किए जाते हैं। इसके बाद भगवान श्री राम की आरती की जाती है और लीला को यहीं पर विराम दिया जाता है। कार्यक्रम मेंउपस्थित आयोजक महन्त गंगादास जी महाराज श्री लक्ष्मी नृसिंह मंदिर, पुजारी जी श्रीमोहन दासजी महाराज, रात्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, कैलाश निरंजन अध्यक्ष जिला पंचायत, जिलाधिकारी अमनदीप डुली, पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक, हरीशचंद्र रावत, चंद्रभूषण बुंदेला, सुभाष जायसवाल, प्रदीपचौबे, बब्बू राजा बुन्देला, वीके सरदार, अजय तिवारी नीलू, राजीव कुमार बबेले, डा. राजकुमार, सोनाली विवेक जैन, रमेश कुशवाहा, निखिल तिवारी, कौस्तुभ चौबे, मीडिया प्रभारी पंकज रायकवार आदि लोग मौजूद रहे।

पर्यावरण कार्यकर्ता ने अधिकारियों को पत्र लिखकर अवगत कराया

# अवैध कॉलोनी विकसित करने के लिए 30 विशाल पेड़ काट डाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

ग्राम पनारी, कचनौदा कलां स्थित के.एस.के. पेट्रोल पंप पनारी के पीछे कृषि भूमि पर अवैध रूप से कॉलोनी विकसित किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। इस अवैध कॉलोनी विकास के लिए लगभग 50 वर्ष पुराने करीब 30 विशाल वृक्षों को काट दिया गया है। नरेन्द्र कुशवाहा (पर्यावरण एवं आरटीआई कार्यकर्ता) ने इस संबंध में जिलाधिकारी ललितपुर, प्रमुख मुख्य वन संरक्षक एवं अन्य अधिकारियों को पत्र लिखकर अवगत कराया है। शिकायत में कहा गया है कि स्थानीय अधिकारियों की मिलीभगत से कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी काटी जा रही है। साथ ही, इस अवैध कार्य की पुष्टि के लिए स्थल के ऋढर फोटो भी सबूत के तौर पर भेजे गए हैं।



### संबंधितों के खिलाफ एफआईआर की मांग की

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम, 1976 और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 का उल्लंघन है। साथ ही, यह भारतीय दंड संहिता एवं उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम, 1973 का भी गंभीर उल्लंघन है। नरेन्द्र कुशवाहा ने मांग की है कि संबंधित व्यक्तियों एवं अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए, उनकी प्रशासनिक जिम्मेदारी तय कर दंडात्मक कार्रवाई की जाए और काटे गए पेड़ों के एवज में भारी आर्थिक दंड के साथ-साथ पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई तो यह मामला शासन-प्रशासन के उच्चाधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

रैली का शुभारंभ किया गया

# संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान 31 तक चलेगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले में शुरू हुआ विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान जनपद में संचारी रोगों के खिलाफ विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 5 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलेगा एवं दस्तक अभियान 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान का शुभारम्भपी०एन० इण्टर कॉलेज में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मिशन शक्ति एवं एस०एन०एस०पी० के अन्तर्गत पी०एन० इण्टर कॉलेज की अध्यापिका रितु बिलगैयां द्वारा रैली को हरी झण्डी दिखाकर रैली का शुभारम्भ किया गया एवं रैली का समापन मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में हुआ। तत्पश्चात मुख्य चिकित्सा अधिकारी अधिकारी, ललितपुर डॉ इम्तियाज अहमद ने सभी को संचारी रोगों से बचने के सम्बन्ध में शपथ दिलावायी।

इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा० वीरेन्द्र सिंह, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० अवधेश यादव, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० शिवप्रकाश, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल वेक्टर बोर्न डा० आर०एन० सोनी, पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट डॉ० सौरभ सक्सेना, नगर क्षेत्र प्रभारी डा० राजेश भारती, जिला मलेरिया अधिकारी अनिल किस्टोफर मैसी, पी०एन० इण्टर कॉलेज प्रधानाचार्य अजय सक्सेना, सफाई निरीक्षक नगर पालिका जितेन्द्र तिवारी, डी०एम०सी० यूनीसेफ सबा परवीन, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, सहायक मलेरिया अधिकारी अजब सिंह यादव, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक हरिश्चन्द्र नामदेव, मलेरिया निरीक्षक संदीप शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कर्यालय के स्टाफ एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पुल की अधिकतम ऊंचाई के कारण लोगों को होगी समस्या

# शहजाद नदी पर प्रस्तावित पुल की ऊंचाई और लंबाई को सीमित रखा जाए: टीटू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर।

स्थानीय कम्पनी बाग में बु. वि. सेना की आवश्यक बैठक बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में ललितपुर शहर के बीचों बीच स्थित शहजाद नदी के प्रस्तावित पुल निर्माण की ऊंचाई से स्थानीय नागरिकों को होने वाली समस्याओं को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की गई।

बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि शहजाद नदी के किनारे स्थित नर्सिंग होम, व्यापारिक प्रतिष्ठान तथा धार्मिक स्थलों को ध्यान में रखकर पुल निर्माण किया जाना चाहिए। उन्होंने उन्होंने कहा कि गोविन्द सागर बांध के पूरे गेट साइफन खुलने के जिस सर्वाधिक ऊंचाई तक बाढ़ का पानी आता हो पुल की ऊंचाई उसी के अनुरूप रखी जाना न्यायोचित होगा। बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि नदी के पुल के बगल में मौजूद नर्सिंग होम में प्रतिदिन सैकड़ों मरीजों का इलाज होता है तथा कई गम्भीर मरीज रोज ऐम्बूलेंस द्वारा लाये जाते हैं , पुल की सर्वाधिक ऊंचाई मरीजों को लाने ले जाने में बाधक सिद्ध हो सकती है।

इसके अलावा इसी पुल के समीप कई धार्मिक स्थल मौजूद है तथा पुल की ऊँचाई और लंबाई लोगों को पूजापाठ करने में बाधक बन सकती हैं। अतः बु. वि. सेना जिला प्रशासन से मांग करती है कि शहजाद नदी के पुल निर्माण में पुल की ऊँचाई और लंबाई का ध्यान रखा जाये।अन्यथा की स्थिति में बुन्देलखण्ड विकास सेना उग्र आंदोलन छेड़ने को बाध्य हो जायेगी।

बैठक में बु.वि. सेना के वरिष्ठ सदस्य राजमल बरया, कदीर खां , फूलचंद रजक , राजकुमार कुशवाहा , मुन्ना त्यागी , अमरसिंह बुन्देला , प्रदीप साहू , प्रेमशंकर गुप्ता , विनोद साहू , गफूर खां , प्रदीप पंडित , नंदराम कुशवाहा , सुधीर धानुक , प्रमोद कुमार , आशाराम नगेले , काशीराम , राजीव साहू , प्रमोद , खुशाल बरार , रोहित कुमार जगदीश , पर्वत ,भैय्यन कुशवाहा , रवि रैकवार , राजाराम अहिरवार , हनुमत पहलवान , रामस्वरूप , जगदीश झा , विनोद चन्देल साहिद अली , भैय्यन कुशवाहा , पुष्पेन्द्र सिंह बुन्देला, मंगल सिंह, बलराम, खुशाल बरार, प्रदीप साहू आदि मौजूद रहे।

जुलूस का समाजसेवियों ने किया स्वागत

# कस्बे में शान से निकाली गई 11वीं शरीफ की शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बानपुर

कस्बे में जश्ने गौसे आजम (ग्यारहवी शरीफ) का पर्व परम्परागत तरीके से मनाया गया। सुबह नौ बजे बच्चों का जुलूस निकाला गया। जिसका स्वागत गांव के कई समाजसेवियों ने मिष्ठान आदि वितरण कर किया। जुलूस कस्बे के परम्परागत मार्गों से होकर सुबह 10 बजे जामा मस्जिद आकर सम्पन्न हो गया। जुलूस के दौरान रास्ते में जगह-जगह नाते रसूल व मनकबते गौस पढ़ी गयी व जूलूस में उत्साही युवक हाथों से परचम कुसाई कर रहे थे व धार्मिक नारे लगाते हुए चल रहे थे। मुख्य जुलूस जामा मस्जिद से लगभग 4 बजे शुरु होकर मुख्य बाजार, बस स्टैण्ड, नई बस्ती, आजादपुरा, खटकियाना मुहल्ला, बड़ा इमाम चौक, छोटा बड़ा जैन मन्दिर, किले का मैदान, सानियन मुहल्ला, सहरिया बस्ती, मुस्लिम मुहल्ला व मुख्य बाजार से होता हुआ जामा मस्जिद आकर सम्पन्न हो गया। इस दौरान पुलिस और प्रशासनिक व्यवस्था थानाध्यक्ष बानपुर अरुण कुमार तिवारी व थानाध्यक्ष सौजना पारूल चन्देल के नेतृत्व में चुस्त दुरुस्त रही। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी उपस्थित रहे।

कई कंपनियां पद भरने के लिए करेंगी भागीदारी

# राजकीय बालिका इंटर कॉलेज तालबेहट में रोजगार मेला का आयोजन 8 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

स्थानीय क्षेत्र के युवक एवं युक्तियों/अभ्यर्थियों के लिए सुनहरा अवसर है पी०एम०श्री राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, तालबेहट, ललितपुर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 8 अक्टूबर को किया जा रहा है।

रोजगार मेले में 1-डिक्सन टेक्नोलॉजीज इण्डिया लिमिटेड में कॉल सेन्टर व डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पद हेतु 42 रिक्तियां 2-आर०एस०वी० इंडिया प्रा०लि० में ट्रेनी ऑपरेटर पद हेतु 200 रिक्तियां 3 यस कंस्ट्रक्शन कम्पनी में सुपरवाइजर पद हेतु 140 रिक्तियां 4-भारतीय जीवन बीमा निगम ललितपुर में सिटी कॅरियर एजेंट, रूलर कॅरियर एजेंट एवं महिला कॅरियर एजेंट पद हेतु 150 रिक्तियां 5 जे०बी० इंडस्ट्रीज में इलैक्ट्रीशियन, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पद हेतु 75 रिक्तयों पर भर्ती की जा रही है। साथ ही अन्य कम्पनियों भी प्रतिभाग कर सकती है। जिसने शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, एवं आई०टी०आई० में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की आवश्यकता है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने व साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को अपना पंजीयन रोजगार संगम पोर्टल पर जॉबसीकर के रूप में कराना होगा। जिसमें जनपद के सभी युवक/युवतियों रोजगार के अवसर जानने हेतु प्रतिभाग कर सकते हैं।

इसके साथ सभी को सूचित किया जाता है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर के माध्यम से आयोजित होने वाले रोजगार मेलों में कम्पनियों द्वारा चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क होती है, जिसमें अभ्यर्थियों से नियुक्ति से पहले या बाद में किसी प्रकार के रूपये/सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमाण्ड नही की जाती है। यदि अभ्यर्थियों से कोई भी रूपये/ सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमाण्ड की जाती है तो अभ्यर्थी ऐसे फोनकॉल को सत्य मानकर पैसे ऑनलाइन या ऑफलाइन डिपोजिट न करे तथा ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी सीधे जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर आकर सम्पर्क कर सकते हैं।

पुलिस को शिकायती पत्र दिया

# तलाकशुदा महिला ने लगाया गुमराह करने का आरोप

**ललितपुर**। महानगर झांसी के थाना गरौठा अंतर्गत रहने वाली काजल पुत्री रमजान ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसकी शादी जिला एटा के ग्राम खटोटा निवासी आकाश पुत्र मुनेश के साथ आठ वर्ष पहले हुयी थी। शादी के करीब डेढ़ साल बाद उसका तलाक हो गया था। आरोप है कि उसकी मजबूरी का फायदा उठाकर गोविन्दनगर निवासी सोहिब अली पुत्र चंदू ने उसे गुमराह किया और शादी करने का झूठा आश्वासन दिया। पीड़िता ने बताया कि उसने जानकारी की तो पता चला कि सोहिब की सगाई महरौनी में आलिया नाम की लड़की से हो गयी है। यह भी बताया कि विगत 2 अक्टूबर को अपराह्न 12 बजे महरौनी निवासी आलिया के साथ उसके परिजन आये और उसके साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### डीजे पर हमला करने वालों पर मामला दर्ज

**ललितपुर**। तालाबपुरा निवासी मनीष कुशवाहा पुत्र सुखनन्दन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 3 अक्टूबर को अपराह्न 2 बजे वह रामलखन डी.जे. की गाड़ी लेकर खिरकापुरा गया हुआ था। यहां धर्मेंद्र उर्फ खिल्लू कुशवाहा, आनंद, सूरज, प्रकाश, भरत, अभिषेक व तीन-चार अज्ञात लोगों ने एकराय होकर उसे रोक लिया और डी.जे. खिरकापुरा में लाने का विरोध करते हुये गालियां दीं। मना करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे उसके सिर व शरीर में चोटें आयी। तभी डी.जे. स्टाफ में शिवम रैकवार, रवि, सुमित, विशाल, दीपक कुशवाहा ने बीच-बचाव किया। तो उक्त लोग पत्थर उठाकर मारने लगे, और डी.जे. गाड़ी तोड़ दी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

नेहरू महाविद्यालय में एनसीसी कैडेटों की भर्ती की गई

# कॅरियर निर्माण हेतु एनसीसी का प्रशिक्षण प्राप्त करें युवा: प्राचार्य

**ललितपुर**। नेहरू महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश शास्त्री के निर्देशन में एवं एनसीसी सीटीओ प्रो.अनिल सूर्यवंशी तथा जेसीओ ओमप्रकाश एवं हवलदार रमणीक सिंह की देखरेख में क्रीड़ा ग्राउण्ड में एनसीसी कैडेटों की भर्ती की गई। प्राचार्य ने कहा कि युवा नैतिक, अनुशासित एवं चारित्रिक रूप से उन्नत होकर ही राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभा सकते हैं। इस तरह के प्रशिक्षण से विद्यार्थी राष्ट्र रक्षा के साथ ही राष्ट्र के उत्थान के लिये भी बेहतर एवं योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की सीख लेते हैं। युवाओं को कैरियर निर्माण हेतु एन.सी.सी. का प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिए। एनसीसी सीटीओ प्रो.अनिल सूर्यवंशी ने कहा कि आज के युवाओं को सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर देश सेवा के लिये सदैव तत्पर रहना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत कैडेटों को उनकी योग्यता एवं परिश्रम के आधार पर बी एवं सी प्रमाणपत्र



दिये जाते हैं, जो उनके भविष्य को उज्जवल बनाने में सहायक होते हैं। इन प्रमाणपत्रों के आधार पर सशस्त्र सेनाओं एवं प्रादेशिक शासकीय सेवाओं में विशेष प्राथमिकतायें प्रदान करने का प्रावधान है। सी प्रमाणपत्र धारकों को तो स्नातक के पश्चात बिना लिखित परीक्षा के सीधे साक्षात्कार के माध्यम से सैन्य कमीशन अधिकारी बनने का सुनहरा प्रावधान भी है। इसके अलावा उच्चस्तरीय अध्ययन में भी विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न परीक्षाओं एवं पाठ्यक्रमों में विशेष वरीयता अंक भी प्रदान किये जाते हैं। एनसीसी में प्रविष्ट अभ्यर्थी छात्र अनुशासन, परिश्रम, एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ यदि कार्य करेंगें तो महाविद्यालय में उनकी एक अलग पहचान होगी तथा छात्र जीवन के पश्चात राष्ट्ररक्षा के कार्य में इनके समपर्ण की भावना इन्हें भारत का श्रेष्ठ नागरिक बनाने में सहयोग प्रदान करेगी।

भर्ती प्रक्रिया की जानकारी देते हुये जेसीओ ओमप्रकाश ने कहा कि महाविद्यालय के एनसीसी में भर्ती के इच्छुक संस्थागत विद्र्यार्थियों के अर्हता प्रमाणपत्रों की जांच की गई। इसके पश्चात बटालियन झांसी से आये भर्ती अधिकारियों जेसीओ ओमप्रकाश एवं हवलदार रमणीक सिंह द्वारा शारीरिक लम्बाई, कदकाठी, पुशअप आदि की माप के पश्चात महाविद्यालय के ग्राउण्ड पर भर्ती हेतु अति महत्वपूर्ण दौड़ कराई गई, जिसमें सफल छात्रों को लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार हेतु अर्ह पाया गया। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी कर महाविद्यालय के एनसीसी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी जायेगी तत्पश्चात चयनित छात्र भारतीय सशस्त्र सेना की द्वितीय रक्षा पंक्ति एनसीसी के कैडेट के रूप में सैन्य एवं नेतृत्व के प्रशासनिक प्रशिक्षण को प्राप्त कर एक सफल नागरिक के रूप में राष्ट्र की सेवा कर स्वयं एवं महाविद्यालय के नाम को रोशन करने में सक्षम बनेगें। इस दौरान डा. सुधाकर उपाध्याय, डा.शैलेन्द्र सिंह, डा.सुभाष जैन, विवेक पाराशर, फहीम बख्श, सीनियर कैडिट पंकज साहू, कैडेट सौरभ, जितेन्द्र, राज सिंह, अंशुल कुशवाहा, कृष्णा पटैरिया, सुरेन्द्र, अनिल, आर्यन लोधी, विनोद, उमाकांत, बृजभान आदि मौजूद थे।

### नगर में साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर सीएमओ सुनहरे ने दिखाई सख्ती

# अनुपस्थितों पर कार्रवाई के निर्देश सुअर पालकों पर दर्ज एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर पालिका परिषद सारंगपुर की मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनहरे ने शनिवार प्रातःकाल नगर का भ्रमण कर सफाई कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने झाड़ू, नाली एवं सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई सफाई कर्मचारी कर्तव्य पर अनुपस्थित पाए गए, जिनमें लखन होटल पिता राजेश, अविनाश मनोज, नवीन गिरजे पिता अशोक गिरजे, राधेश्याम पिता सहीम, संजय पिता ताराचंद, रोहित पिता महेश, रेखा देवी रानवे, गुंजा बाई, मीणा बाई और ममता बाई शामिल हैं। सीएमओ ने संबंधित दारोगाओं को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 10 गणेशदेरी व अटल चैक, वार्ड क्रमांक 15 बागकुआं टंकी क्षेत्र तथा वार्ड क्रमांक 7 सीधाखाल में सफाई कार्य ठीक से नहीं मिलने पर संबंधित प्रभारी कुंदन गिरजे, रवि रामप्रसाद एवं पवन होटले से संतोषजनक जवाब न मिलने पर स्वच्छता निरीक्षक सतीश कंडारे को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए।



#### मृत मवेशी पाए जाने पर सीएमओ ने जताई नाराजगी

नगर में चार-पाँच स्थानों पर मृत मवेशी पाए जाने और ड्राइवर सिद्धनाथ के मोबाइल बंद रहने पर सीएमओ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सदर बाजार त्रिपोलिया बाजार एवं भेरूदरवाजा रोड क्षेत्र में सड़क पर फेंका गया कचरा हटवाया गया। वार्डवासियों को कचरा सड़क या नाली में न डालने की चेतावनी दी गई तथा ऐसा करने पर क्रमशः 200 रुपए और 500 रुपए का जुर्माना वसूलने के निर्देश दिए गए।

#### आवारा सुअरों पर पालकों पर की गई एफआईआर

सीएमओ सुनहरे ने बताया कि नगर में आवारा सुअरों की समस्या पर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। पूर्व में सुअर पालकों को नोटिस जारी किए जाने के बाद भी सुधार नहीं होने पर थाना सारंगपुर में एफआईआर दर्ज कराई गई है जिसमेंबनारसी,चंदन,अजय,करण,सोनू,राहुल अजय और आगे कठोर कार्रवाई की जा रही है। अंत में उन्होंने सभी वार्ड प्रभारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने वार्डों में नाली सफाई नियमित रूप से कराएं, जल निकासी सुचारु रखें, कचरा एकत्रित न होने दें और दैनिक निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध अनुशासनात्मक एवं वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### शिकायत मिलने पर पुलिस ने किया मुकदमा कायम

## सोशल मीडिया पर आरएसएस सरसंघचालक को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी पर जताया रोष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

शुक्रवार को सुबह 8 बजकर 53 पर एक आपत्तिजनक टिप्पणी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक श्री स्वर्गीय गोलवलकर गुरुजी के संबंध में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में गुरुवार को हिंदू संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि कुरावर के वार्ड क्रमांक 6 में रहने वाले राजेंद्र पिता गोकुल प्रसाद शर्मा जो कि पैशे से वकील है उनके द्वारा अपने मोबाइल नंबर से सोशल मीडिया पर ऐसी पोस्ट की गई है, जिसमें दलित-पिछड़े और मुस्लिम समाज के बीच वैमनस्य फैलाने वाली टिप्पणी की गई है। इस टिप्पणी से धार्मिक भावनाएँ आहत हुई हैं और समाज में आपसी वैमनस्य फैलाने की कोशिश की जा रही है। आवेदनकर्ताओं ने मांग की है कि आरोपी युवक पर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की गतिविधियों की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने पुलिस प्रशासन से शीघ्र प्रभावी कदम उठाने की अपील की है। पुलिस ने भी मुकदमा कायम किया है। और विवेचना में लिया है। गौरतलब है कि हिंदू संगठनों ने इस मामले को गंभीर मानते हुए इसे सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाला कृत्य बताया है।

#### इनका कहना है

हमें आवेदनकर्ताओं ने सोशल मीडिया के स्क्रीनशॉट सहित शिकायती आवेदन दिया था हमने मुकदमा कायम कर लिया है।

**संगीता शर्मा, थाना प्रभारी कुरावर**

## मानस की छात्रा का मप्र राज्य स्तरीय गतका मार्शल आर्ट के लिए चयन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

4 से 8 अक्टूबर भोपाल में आयोजित म.प्र.राज्य स्तरीय शालेय गतका मार्शल आर्ट 19 वर्ष बालिका में मानस हायर सेकंडरी स्कूल की कक्षा 12वी की छात्रा लक्ष्मी दांगी पिता मांगीलाल दांगी का चयन हुआ है । छात्रा पिछले वर्ष भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भोपाल संभाग की टीम में शामिल हुई थी इस वर्ष संभाग स्तरीय प्रतियोगिता विदिशा में राजगढ़ जिले की ओर से शामिल होकर स्वर्ण पदक जीतकर राज्य स्तरीय टीम में अपनी जगह बनाई है छात्रा की इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष श्री महेश जी अग्रवाल ,प्राचार्य श्री आर एस राजपूत, खेल शिक्षिका विद्या चैहान निकिता जोशी सहित समस्त मानस परिवार ने बधाई दी और छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पेंशनर मांगों के लिए 8 को भोपाल में देंगे धरना

**ब्यावरा।** ऑल प्रगतिशील पेंशनरस वैलफेयर एसोसिएशन मध्यप्रदेश भोपाल के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर दुबे के आव्हान पर पेंशनरों की लंबित माँगों को लेकर 8 अकटूबर बुधवार 11 बजे से धरना प्रदर्शन कर मध्य प्रदेश शासन को ज्ञापन सौंपा जायेगा जिसमें 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता, पेंशनर की मृत्यु पर 125000६- अनुग्रह राशि देने, पेंशनर के बेरोजगार बच्चों को पीला राशन कार्ड देने, 27माह का ऐरियरस देने, कोर्ट से जीतने वालों को अवकाश नगदीकरण शीघ्र देने, 30 जून, 31दिसंबर को रिटायरों को एक वेतनवृधदी देने आदि अनेक माँगों के लिए किया जायेगा। उपरोक्त सभी माँगें सरकार से एसोसिएशन ने समय समय पर कीं थीं, किंतु सरकार ने अभी तक नजर अंदाज कर रखा है जिस कारण पेंशनरों में भारी रोष है। धरना प्रदर्शन में मध्य प्रदेश के सभी जिलों के अलावा जिला राजगढ़ से प्रांत उपाध्यक्ष राजेन्द्र जोशी काका, प्रांत संगटन सचिव बापूलाल सुमन, प्रांत प्रमुख सचिव राजेन्द्र खत्री, वरिष्ठ संरक्षक जमनालाल मारोठिया, जिला अध्यक्ष जगदिश प्रसाद गौड, ब्लाक अध्यक्ष खलील कुरैशी सहित दो दर्जन पेंशनरस धरना प्रदर्शन में भाग लेने भोपाल जायेंगे। सभी पेंशनरों से ज्यादा संख्या मे इस धरना आंदोलन में भाग लेने की अपील राजेंद्र खत्री ने की है।

## कार्यशाला में नव दंपतियों ने सीखे सशक्त समृद्ध और संगठित परिवार के सूत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल



कुटुंब प्रबोधन टोली कालापीपल द्वारा नव दंपति कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कालापीपल नगर के नव विवाहित दंपतियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यशाला का उद्देश्य नवयुगलों को परिवार के प्रति जिम्मेदारी, संस्कार और संवाद की भावना से जोड़ना रहा।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जयश्री बंसल दीदी जिला संघ चालक हुकुमजी धनगर, खंड संघ चालक जे. पी. शर्मा, कुटुंब प्रबोधन देवास विभाग संयोजक मनराज परमार खंड संयोजक गोपाल पाटीदार तथा प्राचार्य राजेंद्र देशमुख (सरस्वती शिशु मंदिर) कुटुंब प्रबोधन टोली सदस्य रीना दुबे श्रीमती विभा लेले विशेष रूप से उपस्थित रहे।

वक्ताओं ने सशक्त, समृद्ध और संगठित परिवार कैसा हो विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि संस्कारयुक्त परिवार ही समाज और राष्ट्र की सुदृढ़ नींव है। आपसी संवाद, सम्मान और सहयोग ही गृहस्थ जीवन की सच्ची सफलता है। कार्यशाला में नव दंपतियों के बीच संवाद सत्र, पारिवारिक खेल, फूलों की रंगोली और प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से संस्कार, स्नेह और समरसता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन कुटुंब प्रबोधन जिला टोली सदस्य अनिता भगवत राजपूत ने कुशलतापूर्वक किया। अतिथि परिचय वंदना विजयवर्गीय ने कराया तथा आभार प्रदर्शन रंजन पांडे ने किया। अंत में भारत माता की आरती के साथ सभी नव दंपतियों ने संकल्प लिया कि वे अपने परिवार को संवाद, संस्कार और सद्भाव से सशक्त बनाएंगे और समाज में सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।

### नाले में डूबने से दो नाबालिगों की मौत

## अवैध खनन के गड्ढों ने ले ली दो मासूमों की जान, जिम्मेदार मौन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर क्षेत्र में एक बार फिर अवैध खनन माफियाओं की लापरवाही ने दो मासूम जिंदगियों को निगल लिया। ग्राम पंचायत छापरा में शनिवार को दो नाबालिग युवकों की नाले में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पिंटू 15 वर्ष पिता जितेंद्र मालवीय, निवासी छापरा और उसका भांजा रूपेश (14 वर्ष) पिता रमेश, निवासी रसूलपुर, नाले के पास खेलते हुए अचानक गहरे पानी में जा गिरे। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस क्षेत्र में अवैध खनन माफियाओं ने नालों और खेतों के किनारे गहरे गड्ढे कर रखे हैं, जिनमें पानी भर जाने से यह हादसा हुआ। सारंगपुर क्षेत्र में इससे पहले भी ऐसी दुःखद घटनाएं हो चुकी हैं, परंतु प्रशासन और जिम्मेदार विभागों ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन समय रहते अवैध खनन पर लगाम लगाता, तो आज दो मासूमों की जान बच सकती थी। अब सवाल उठता है कि आखिर कब तक सारंगपुर क्षेत्र में इस तरह अवैध खनन के गड्ढे मासूम जिंदगियों को निगलते रहेंगे और जिम्मेदार मौन बने रहेंगे।

### नगरवासियों ने ली सफाई और स्वच्छता की शपथ

## नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेडा

स्वच्छता सेवा अभियान पखवाड़ा अंतर्गत शपथ पूर्वक कार्य को गति देने नशा मुक्ति शिविर की शपथ दिलाई नगर को स्वच्छता की भाग दौड़ में नंबर वन बनाने हेतु जो श्रद्धड कार्य धरातल पर हो रहे हैं। वह बहुत सराहनीय साबित हो रहे हैं हर गली मोहल्ले में स्वच्छता पग पग पर दिखाई दे रही है साथ साथ नशा मुक्ति की शपथ दिलाई स्वच्छता सेवा अभियान पखवाड़ा अंतर्गत नगर परिषद कार्यालय में सफाई मित्रों को पी पी किट ड्रेस वितरण कर नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई एवं लोक कल्याण मेला प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत अंगीकार अभियान के माध्यम से का शिविर आयोजित किया गया। उक्त शिविर में अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण विसालिया श्री राम नागर, बादल नरगावे, राजेश दांगी ,जमील मंसूरी, शिवा इंगलै राम दांगी एवं समस्त निकाय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सास बहू के रिश्ते में प्रगाढ़ता के सफल पांच वर्ष किए पूरे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नवरात्रे की नवमी को पड़ने वाले बहु दिवस पर अपनी बहु में भी माता रानी के 9 स्वरूपों को देखने की सासों से गुजारिश करती नजर आईं। महिला परिषद् ओजस्विनी अध्यक्ष सपना भार्गव द्वारा पिछले 4 सालों से इस दिवस का आयोजन करती आ रही हैं। इस वर्ष उनकी सास बहु के रिश्ते को सुद्रण बनाने की इस अनोखी पहल को पांच वर्ष पूरे हुए, जिसके चलते नगर में सास बहुओं का जन सैलाब उमड़ा और उनका धन्यवाद प्रेषित किया।

## पुलिस की गिरफ्त में गांजा तस्कर 3 किलो 89 ग्राम गांजा जब्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय तथा शुजालपुर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस निमेश देशमुख के मार्गदर्शन में थाना कालापीपल पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्करों पर कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में 4 अक्टूबर 2025 को थाना कालापीपल पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर अवैध मादक पदार्थ लेकर भीलखेड़ा रोड रामदेव बाबा मंदिर के पास खड़ा है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक मनोहर सिंह जगेत के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। मौके पर एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर फोर्स की मदद से पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम इस्माइल खां पिता बशीर खां उम्र 45 वर्ष निवासी कोटरी थाना आष्टा, जिला सीहोर बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा वजन 3 किलो 89 ग्राम कीमत लगभग 60,000 रुपए बरामद किया गया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने यह गांजा सचिन ठाकुर नामक व्यक्ति से लिया था तथा दोराहा क्षेत्र में बेचने जा रहा था। आरोपी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी मनोहर सिंह जगेत, उप निरीक्षक रवि भंडारी, उप निरीक्षक तेजप्रकाश बोहरे, प्रधान आरक्षक विवेक गोस्वामी, प्रधान आरक्षक विशाल पटेल, प्रधान आरक्षक आनंद शर्मा, प्रधान आरक्षक रामेश्वर जाटव, प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, आरक्षक वेदप्रकाश परमार, आरक्षक नयन यादव, आरक्षक सुमित पटेल, आरक्षक शैलेन्द्र की भूमिका रही।

### पशु चिकित्सा अधिकारी ने विभिन्न ग्रामों में किया निरीक्षण, बढ़ेगा दुग्ध उत्पादन

## दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान के अंतर्गत पशुपालकों से सीधा संवाद



**सारंगपुर।** प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से "दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान" का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित शाक्या ने सर्वेयर अंकित लववंशी मैत्री कार्यकर्ता एवं प्रेम किशोर खींची सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी द्वारा किए जा रहे कार्यों का सत्यापन एवं निरीक्षण किया। डॉ. शाक्या ने सारंगपुर क्षेत्र के तारागंज, तलेनी, कालूखेड़ा एवं फूलपुरा ग्रामों का भ्रमण कर पशुपालकों से सीधा संवाद स्थापित किया। उन्होंने पशुपालकों को पशुओं की नस्ल सुधार, दुग्ध उत्पादन वृद्धि, संतुलित पशु आहार, कृमिनाशक, टीकाकरण एवं पशु स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने कहा कि सीमन के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण बछियों के जन्म से दूध उत्पादन बढ़ेगा तथा पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

इस दौरान पशुपालकों से उनके पशुओं के आहार, दूध उत्पादन की मात्रा, दूध बिक्री दर एवं विपणन से जुड़ी जानकारी भी ली गई। पशुपालकों को पशुपालन केसीसी, पशु बीमा योजना एवं अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी दी और अधिक से अधिक पशुपालकों को इनसे लाभान्वित होने का आग्रह किया। गौरतलब है कि "दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान" का संचालन 2 से 9 अक्टूबर तक किया जा रहा है। अभियान के सफल संचालन हेतु कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

### रामलीला में राम राजतिलक, राम राज्याभिषेक की हुई विशेषआरती

## राक्षसों का संहार कर राम वनवास काटकर अयोध्या वापस लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

विगत 53 वर्षों से नगर में भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्श चरित्र का मंचन श्री गणेश आदर्श रामलीला मंडल के तत्वाधान में अनुशासन एवं मर्यादाओं की अनुकरणीय शैली को परोसते हुए रामायण की चौपाइयों पर आधारित रामलीला का भव्य आयोजन संपन्न हुआ।जहां पर राम द्वारा पिता की आज्ञा का पालन राम लक्ष्मण माता सीता द्वारा 14 वर्ष का वनवास पूरा करते हुए राक्षस रावण का संहार किया।

अयोध्या वापसी हुई। अयोध्या पहुंचकर भरत को हनुमान जी द्वारा सूचना दी गई कि 14 वर्षपूर्ण हो चुके हैं राम वनवास से अयोध्या की ओर प्रस्थान कर रहे हैं भरत को जैसे ही राम के आगमन की सूचना मिली उन्होंने गुरु वशिष्ठ सहित माताओं को बुलाकर पूरी अयोध्या को आकर्षक दीप ज्योति से चकाचैंध एवं विद्युत डेकोरेशन से सजाया गया राम का आगमन अयोध्या के



लिए खुशियों भरा रहा जहां पर राम का राजतिलक किया गया।

इसमें पहली आरती जो परम्परा अनुसार विगत तीन दशक से अधिक समय से विधायक हजारीलाल दांगी एवं पुर्व नपाध्यक्ष अध्यक्ष गोकरण वर्मा करते आ रहे उन्होंने आरती उतारी जहां प्रथम आरती राशि 41000 रु भेंट किए। वहीं दुसरी आरती पुर्व नपाध्यक्ष दिनेश पुरोहित 21000 रु में , तीसरी आरती संजय सिंह जमींदार , श्याम सुंदर करोडिया ,ओम करोडिया 10100 में चौथी आरती नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधी पवन कुशवाहा सहित पार्षद एवं श्री राम कुशवाहा सुंदरकांड समिति ने 15551पांचवीं आरती सीएमओ हरीओम शर्मा , देवनारायण दांगी,ओंकार सिंह मण्डलोई ने 11000- , छठी आरती श्री बजरंग नवयुवक समिति हनुमान मंदिर किशनगढ़ संयोजक पं. श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में समिति सदस्यों ने 7500एव खाडी वाले बालाजी सेव दल समिति द्वारा 7001 में की।